

# न्यूज़ लेटर

## हिन्दी संस्करण


जुलाई-अगस्त 2024

वर्ष : 1 अंक : 6


# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय

### नित-नूतन उपलब्धियों को हासिल करता विश्व-फ़लक पर चमकता सितारा

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय एशिया एजुकेशन रिव्यू मैगज़ीन द्वारा भारत-2024 में पुनर्विक्रेता और विकास के लिए शीर्ष 10 कैम्पस में सूचीबद्ध है।

"अकादमिक इनसाइट पत्रिका ने **"20 सबसे प्रभावशाली कुलपति, जो 2024 में भारतीय शिक्षा को आकार देंगे"** की सूची जारी की है, जिसमें गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा का नाम भी शामिल है।"

**गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को भारत में सर्वश्रेष्ठ एआई संस्थानों की रैंकिंग में प्रतिष्ठित तीसरा स्थान प्राप्त**

# आत्मचेतना से राष्ट्रचेतना और राष्ट्रचेतना से विश्वचेतना की ओर कदम बढ़ाता गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय



"शिक्षा बहुत परिश्रम के बाद प्राप्त होती है, वह मात्र डिग्री भी हो सकती है। किंतु ज्ञान, जब किसी विद्यार्थी के मन में अंतर्रात्मा से भाव जागृत होता है तथा उसकी कल्पनाएँ मूर्त होने लगती हैं तब वह जो चाहता है, बन सकता है। अंतर्रात्मा ही खुद को कोई भी काम करने के लिए प्रेरित करती है। कोई शिक्षक आपको सिर्फ बढ़ा सकता है, लेकिन आपको बनना खुद है।" – डॉ. राजेन्द्र सिंह का यह कथन अज्ञानता को समाप्त करने के लिए आत्मचेतना की रोशनी को जागृत करने की प्रेरणा देता है। आत्मचेतना ही भीतरी संसार से बाह्य संसार को देखने की समझ पैदा करती है, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय छात्रों में आत्मचेतना को जागृत करने में सहायता प्रदान करता है।

जुलाई और अगस्त माह विश्वविद्यालय में छात्रों के प्रवेश का माह होता है, जहाँ वे अपनी आँखों में चमकते भविष्य का सपना लेकर आते हैं। उनके लिए विश्वविद्यालय में होने वाला हर कार्यक्रम और अध्ययन-अध्यापन जिज्ञासा का केन्द्र होता है, जिसे वे अपनी दृष्टि से देखते हैं। कुछ अपनी दृष्टि, कुछ दोस्तों की, तो कुछ सीनियर की दृष्टि से परिस्थितियों को परखते हैं। किंतु 'जिन ढूँढ़ा तिन पाइयाँ, गहरे पानी पैठ' के सिद्धांत पर जो छात्र ज्ञान की खोज में निकलते हैं वे ही चमकते भविष्य की मोती हासिल कर पाते हैं। वैसे नव प्रवेशित छात्रों की जिज्ञासाओं का अधिकतर समाधान ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन कार्यक्रम में ही हो जाता है, किंतु पहले कदम से बहुत दूर स्वयं का अनुभव होता है और उनके अपने अनुभव पर यात्रा की सफलता टिकी होती है।

गर्मियों के बाद मानसून के मौसम ने दस्तक दी, जुलाई में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक वर्ष में प्रवेश के लिए उत्साह दिखाई दी। इस वर्ष विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली को लागू किया, जो भावी छात्रों और विश्वविद्यालय प्रशासन दोनों के लिए एक गेम-चेंजर साबित हुई है। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर बदलाव ने, न केवल आवेदन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया, बल्कि इसे विविध भौगोलिक स्थानों के छात्रों के लिए अधिक समावेशी और सुलभ भी बनाया। ऑनलाइन प्रणाली ने आवेदनों को अधिक कुशलता से प्रबंधित करने, कागजी कार्रवाई को कम करने और नए प्रवेशित छात्रों के लिए एक सहज, अधिक उपयोग-अनुकूल अनुभव प्रदान करने में सक्षम बनाया है।

अगस्त माह देशभक्ति का भी समय होता है। विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस को जोश एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह कार्यक्रम हमारे छात्रों की रचनात्मकता और सांस्कृतिक उत्साह का एक जीवंत प्रदर्शन था, जो स्वतंत्रता और एकता की भावना को उजागर करता है। स्वतंत्रता दिवस समारोह हमारे देश की स्वतंत्रता का स्मरणोत्सव मात्र नहीं बल्कि एकता और देशभक्ति के मूल्यों की एक शक्तिशाली याद दिलाता हैं।

जब नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत होती है, तो विश्वविद्यालय का ध्यान एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देने पर होता है जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और व्यक्तिगत विकास दोनों का समर्थन करता है। आत्मचेतना से राष्ट्रचेतना और राष्ट्रचेतना से विश्वचेतना की यात्रा में नित नई ऊँचाइयों को छूने के लिए गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय अपनी समस्त योजनाओं के साथ तैयार है।



एनसीसी कैडेट एकता सिंह



हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम वेबसाइट के उद्घाटन के अवसर पर कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा के साथ अन्य

**एनसीसी कैडेट एकता सिंह ने किया रॉक क्लाइम्बिंग और प्रशिक्षण शिविर (RCTC) में प्रतिभाग :** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय की एनसीसी कैडेट एकता सिंह ने उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में आयोजित रॉक क्लाइम्बिंग और प्रशिक्षण शिविर (RCTC) में भाग लिया। यह शिविर 26 जून 2024 से आरंभ होकर 1 जुलाई 2024 तक चला, जिसमें विभिन्न चुनौतियों और प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया गया। एकता सिंह का चयन 31 यूपी गर्ल्स बटालियन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के सीनियर विंग के कैडेट्स में से किया गया। 31 यूपी गर्ल्स बटालियन की ओर से प्रतिभाग करने वाली सीनियर विंग की वह एकमात्र कैडेट थी । इस शिविर का उद्देश्य कैडेटों को पर्वतारोहण की बारीकियों और इससे जुड़ी शारीरिक एवं मानसिक तैयारी के लिए प्रशिक्षित करना था।

शिविर के दौरान, कैडेट ने रॉक क्लाइम्बिंग के विभिन्न तकनीकों का अभ्यास किया और उत्साह के साथ सभी गतिविधियों में हिस्सा लिया।

यह शिविर कैडेट के लिए न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाने का एक अवसर था, बल्कि मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास को भी मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बना । गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सीटीओ डॉ. भावना जोशी के अनुसार कैडेट का इस कैंप के लिए चयन होना विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है तथा पिथौरागढ़ की प्राकृतिक सुंदरता के बीच आयोजित किए गए इस कैंप का अनुभव कैडेट के जीवन में हमेशा एक अमूल्य स्मृति के रूप में रहेगा ।


****

**हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम वेबसाइट का उद्घाटन :** वर्तमान सत्र 2024-25 में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित छात्रों को पहले आओ पहले पाओ (फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व) के आधार पर घर बैठे प्राथमिकता के आधार पर छात्रावास कक्ष चुनने और कक्ष आवंटन प्रक्रिया पूर्ण करने की शुरुआत की गई है। इस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए, ऑनलाइन छात्रावास प्रबंधन प्रणाली (ऑनलाइन हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम) की शुरुआत की गई। ऑनलाइन छात्रावास प्रबंधन प्रणाली पूर्ण रूप से गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा ही विकसित की गई है। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा पिछले वर्ष आरंभ की गई जी.बी.यू. इंटर्नशिप के तहत कार्यरत बी.टेक. छात्र अभय श्रीवास्तव एवं प्रशांत तिवारी द्वारा विकसित ऑनलाइन छात्रावास प्रबंधन प्रणाली का उद्घाटन 22 जुलाई को कुलपति प्रो. रवींद्र कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी, प्रभारी छात्र कल्याण डॉ. मनमोहन सिंह शिशोदिया, मुख्य छात्रावास अभिरक्षक पुरुष डॉ. शुभोजित बनर्जी, मुख्य छात्रावास अभिरक्षिका महिला डॉ. विदुषी शर्मा, उप कुलसचिव डॉ. के.के. द्विवेदी एवं कॉर्पोरेट सेल निदेशक डॉ. विनय लिटोरिया उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ऑनलाइन छात्रावास प्रबंधन प्रणाली विकसित करने वाली टीम ने प्रणाली का ऑनलाइन प्रदर्शन किया। प्रणाली के बारे में बताते हुए डेवलपमेंट टीम के सदस्यों ने बताया कि नए छात्र न्यूनतम जानकारी के साथ अपना ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। शेष जानकारी छात्रों द्वारा प्रवेश के समय उपलब्ध कराई गई जानकारी से प्रणाली द्वारा स्वतः प्राप्त कर ली जाएगी। न केवल छात्रावास आवंटन घर बैठे किया जा सकेगा, प्रवेश के समय जमा किए जाने वाले समस्त फॉर्म्स ऑटो-जेनरैट होंगे और उनकी पीडीएफ़ कॉपी छात्रों के डैशबोर्ड पर उपलब्ध होंगे। छात्र ऑटो-जेनरेटेड फॉर्म्स का प्रिन्टआउट लेकर सीधे छात्रावास कार्यालय पहुँच कक्ष की चाबी प्राप्त कर सकेंगे। इस -

अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने छात्रों द्वारा निर्मित प्रणाली की सराहना करते हुए छात्रों को प्रोत्साहित किया ।

****




द अकेडमिक इनसाइट्स पत्रिका का कवर पेज

**गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को भारत में सर्वश्रेष्ठ एआई संस्थानों की रैंकिंग में प्रतिष्ठित तीसरा स्थान प्राप्त :** शिक्षा और नवाचार में उत्कृष्टता के लिए अपनी प्रतिबद्धता हेतु गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को कृत्रिम इंटेलिजेंस (एआई) शिक्षा के लिए भारत के शीर्ष संस्थानों में से एक के रूप में मान्यता दी गई है। पिछले साल शैक्षणिक इनसाइट पत्रिका द्वारा किए गए नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने भारत में सर्वश्रेष्ठ एआई संस्थानों की रैंकिंग में प्रतिष्ठित तीसरा स्थान हासिल किया।

शैक्षणिक इनसाइट पत्रिका सर्वेक्षण, शैक्षणिक प्रतिष्ठा, अनुसंधान उत्पादन, उद्योग सहयोग और बुनियादी ढांचे सहित विभिन्न मापदंडों में संस्थानों का मूल्यांकन करता है । पत्रिका में एआई शिक्षा के क्षेत्र में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला है। विश्वविद्यालय के मजबूत पाठ्यक्रम, समर्पित संकाय और अत्याधुनिक सुविधाओं को इसकी उच्च रैंकिंग में योगदान देने वाले प्रमुख कारक के रूप में उल्लेख किया गया है।

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए एआई में अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय के चल रहे प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने फैकल्टी, छात्रों और प्रशासनिक कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों के लिए सफलता का श्रेय दिया, जिन्होंने लगातार शिक्षण और अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए प्रयास किया है।

****

**कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा की भागीदार :** इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स में एक सदस्य के रूप में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.रवीन्द्र कुमार सिन्हा 29 जुलाई को गवर्निंग बोर्ड की बैठक तथा 6 अगस्त को काउंसिल मीटिंग में शामिल हुए ।

****

**छात्रों का संकायों एवं छात्रावासों में पंजीकरण :** 29 व 30 जुलाई को द्वितीय वर्ष से लेकर अंतिम वर्ष तक के छात्रों का संकायों एवं छात्रावासों में भौतिक रूप से पंजीकरण सम्पन्न हुआ तथा उनकी कक्षाएँ 31 जुलाई से प्रारंभ हुईं ।

****

**विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित छात्रों का ऑनलाइन पंजीकरण** : अगस्त माह के पहले व दूसरे दिन नव प्रवेशित छात्रों का संकायों एवं छात्रावासों में ऑनलाइन पंजीकरण सम्पन्न हुआ तथा उनकी कक्षाएँ 8 अगस्त से प्रारंभ हुईं ।

****

# ओरिएंटेशन व इंडक्शन कार्यक्रम
















इंडक्शन और ओरिएंटेशन कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ

**ओरिएंटेशन व इंडक्शन कार्यक्रम**

6 व 7 अगस्त को शैक्षिक सत्र 2024-25 का नवप्रवेशित छात्रों के लिए ओरिएंटेशन व इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन हुआ । इस कार्यक्रम में लगभग 2500 छात्रों ने भाग लिया । इस कार्यक्रम में पहले दिन मुख्य अतिथि गौतम बुद्ध नगर के एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस आई पीएस श्री बबलू कुमार तथा दूसरे रमन मैग्सेसे पुरस्कार से पुरस्कृत तथा भारत के जलपुरूष डॉ. राजेन्द्र सिंह रहें । श्री बबलू कुमार ने अपने व्याख्यान में छात्रों से अपने अनुभव साँझा करते हुए कहा कि यही वह समय है जब आप सपने देख सकते हैं, लक्ष्य तय कर सकते हैं । पाठ्यक्रम के जिस विषय को आपने चुना है उसे बेहतर से बेहतर बनाने का प्रयास करें, तभी सफल होंगे । जिसके लिए स्किल लर्निंग तथा कम्युनिकेशन स्किल दोनों का होना अति आवश्यक है । उसके साथ ही आप किसी एक खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कोई एक रूचि का विकल्प तथा योगा में भी भाग लें । यह भी ध्यान रखें कि विषम परिस्थितियों में हारने के बाद ही नायक पैदा होता है इसलिए हार न मानें तथा परफेक्शन के चक्कर में प्रोडक्टिविटीज़ को मत खोइए । उच्च मानकों को अपना लक्ष्य बनाओ, लेकिन जब पूर्णता प्राप्त न हो तो उस पर अटके मत रहो । प्रतियोगिता अपने साथ रखो तथा दूसरों के साथ सहयोगी भावना रखो ।

भारत के जलपुरूष डॉ. राजेन्द्र सिंह ने 'तरूण भारत संघ के अनुभवों से विज्ञान जलवायु परिवर्तन संकट का समाधान' विषय के अंतर्गत अपने मोटिवेशनल व्याख्यान में छात्रों को शिक्षा और ज्ञान में भेद बताते हुए कहा कि 'शिक्षा बहुत परिश्रम के बाद प्राप्त होता है, वह मात्र डिग्री भी हो सकती है किंतु ज्ञान, जब किसी विद्यार्थी के मन में अंतर्रात्मा से भाव जागृत होता है तथा उसकी कल्पनाएँ मूर्त होने लगती हैं तब वह जो चाहता है, वह बनता है । अंतर्रात्मा ही खुद को कोई भी काम करने के लिए प्रेरित करती है । कोई शिक्षक आपको सिर्फ बढ़ा सकता है, लेकिन आपको बनना खुद है'। आगे उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग की समस्या पर बात करते हुए कहा "हमें शुभ और लाभ दोनों को साथ में लेकर चलना होगा । शुभ ही सनातन बनाता है तथा सदैव नित्य नूतन निर्माण के लिए प्रेरित करता है । भारतवासियों ने नीर-नारी-नदी को सदैव महत्त्व दिया है तथा यह तीनों ही नारायण के रूप में जाने जाते हैं । जिस दिन हम नीर-नारी-नदी की रक्षा एवं साधना सीख जायेंगे उसी दिन भारत विश्व-गुरू बन जाएगा । यदि विश्व गुरू बनना है तो भारतीय ज्ञान परंपरा को छूना होगा । जब हम अपनी धरती, प्रकृति और ज्ञान को छूते हैं तभी जागते हैं तथा ज्ञान के साथ-साथ आनंद का होना आवश्यक है । ज्ञान और आनंद एक साथ मिलकर ही हमारी चेतना को जागृत करती है"।

उन्होंने जल संरक्षण के विषय में बताया कि जल संरक्षण की सीख मांगू काका से मिली है तथा 'बादल तो आते थे पर बरसते नहीं थे वो / पर रूठ कर चले जाते हैं कहाँ / मुझे नहीं मालूम' गीत के माध्यम से कहा कि 1980 में यह गीत गाया जाता था लेकिन आज के समय यह गीत बदल गया है क्योंकि हमने जल का संरक्षण और संग्रहण सीख लिया है । प्रकृति सिखाती है कि बादलों के बूँद को पकड़ कर संग्रहित कर लें लेकिन शिक्षा सिखाती है बादलों के हर बूँद को पकड़कर पोषित कर लें । आज हमने 14800 बाँध बना लिया है । छोटे छोटे प्रयासों से अपने लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है । ग्लोबल वार्मिंग समस्या का समाधान लोकल से करना होगा'।

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने ग्लोबल बनने एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करते हुए विश्वविद्यालय का विस्तृत परिचय दिया तथा नवागंतुक छात्रों को संबोधित किया कि आपके जीवन में उत्कृष्टता किस प्रकार आए और कैसे आपके चरित्र का समग्र विकास हो सके, इसका पूरा ध्यान विश्वविद्यालय रखता है ।

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने नए छात्रों की चिंताओं एवं मुख्य अपेक्षाओं पर प्रकाश डाला तथा विश्वविद्यालय के वातावरण का परिचय देते हुए छात्रों को सहायता प्रदान करने वाली व्यवस्थाओं के विषय में विशेष चर्चा की ।

शैक्षणिक अधिष्ठाता एन.पी.मलकानिया ने विश्वविद्यालय के संकायों, शैक्षणिक नेतृत्व टीम तथा संसाधनों के विषय में परिचित करवाया । इस अवसर पर शाम में अंजना वेलफेयर सोसायटी के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ । जिसमें माया कुलश्रेष्ठ का वक्तव्य तथा अनन्या अरोड़ा और अंशिका जैन ने कथक नृत्य के माध्यम से शमा बाँध दी थी । इन दो दिन के कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर सदस्य उपस्थित रहे ।

****



स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में इंडक्शन और ओरियंटेशन प्रोग्राम

**विभिन्न संकायों में इंडक्शन और ओरिएंटेशन प्रोग्राम :** 8 अगस्त को विश्वविद्यालय ने विभिन्न स्कूलों में अलग-अलग संकायों मानविकी और सामाजिक विज्ञान संकाय, बौद्ध अध्ययन और सभ्यता संकाय, मैनेजमेंट संकाय, इंजीनियरिंग संकाय, आईसीटी संकाय, विधि, न्याय और शासन संकाय, बायोटेक्नॉलॉजी संकाय और अप्लाईड साइंस संकाय में इंडक्शन और ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें नव प्रवेशित छात्रों ने इन कार्यक्रमों में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

****



विकलांगता प्रमाणपत्र वितरण कैम्प में डॉ. आनंद प्रताप सिंह के साथ अन्य सहयोगी शिक्षकों, डॉ. पूजा कुमारी, डॉ. शिप्रा शर्मा व कुमारी प्रगति गनोत्रा

**दिव्यांगजन बच्चों के लिए विकलांगता प्रमाणपत्र वितरण कैम्प का आयोजन : 9** अगस्त को ग्रेटर नोएडा जिला अधिकारी, गौतम बुद्ध नगर के निर्देशानुसार, ज़िला विकलांग विभाग के तत्वधान एवं गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति के निर्देशन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समग्र शिक्षा अभियान (समेकित शिक्षा) के उद्देश्य को पूर्ण करने हेतु मनोविज्ञान एवं मानसिक स्वास्थ्य-विभाग, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा ज़ेवर तहसील पर दिव्यांग बच्चों की जाँच के लिए मानसिक स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के संकाय सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं के मदद से कैम्प में आये हुए सभी बच्चों की जाँच की गई एवं सी.एम.ओ ऑफिस गौतम बुद्ध नगर के सहयोग से विकलांगता प्रमाण पत्र का कार्य पूर्ण किया गया। कैम्प में कुल 53 विकलांग बच्चे एवं उनके परिवारजन शामिल हुए, जिनको उचित प्रमाण पत्र जारी किया गया। उक्त के क्रम में लाभान्वित होने वाले विकलांग व दिव्यांगजन बच्चे व उनके परिवार के सदस्य अब सरकार द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का पूर्ण लाभ ले सकेंगे। कैम्प का आयोजन डीन प्रो. बंदना पांडेय के निर्देशन एवं विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद प्रताप सिंह के नेतृत्व में सहयोगी शिक्षकों, डॉ. पूजा कुमारी, डॉ. शिप्रा शर्मा व कुमारी प्रगति गनोत्रा एवं सभी प्रशिक्षु छात्र एवं छात्राओं की मदद से किया गया। कैम्प में सभी संभावित लाभार्थियों को BRC ज़ेवर के माध्यम से बुलाया गया था। इस कैम्प के सफल आयोजन के लिए मनोविज्ञान एवं मानसिक स्वास्थ्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद प्रताप सिंह ने भविष्य में भी इस तरह के जनकल्याणकारी कैम्प के आयोजन की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

****




काकोरी ट्रेन एक्शन समारोह

**काकोरी ट्रेन एक्शन समारोह :** 9 अगस्त को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. जय प्रकाश मुयाल द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन समारोह का आयोजन किया गया । समारोह में एन.एस.एस. समन्वयक ने काकोरी ट्रेन एक्शन के बारे में विशेष चर्चा करते हुए विस्तार रूप से बताया गया। इसी के साथ 10 अगस्त को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, गौतम बुद्ध नगर, यू.पी. की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन समारोह का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जे पी मुयाल एवं डॉ नवीन कुमार के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में एन.एस.एस. के अनेक स्वयंसेवकों ने भाग लिया

और इस विषय पर गहन चर्चा की। चर्चा का मुख्य विषय था स्वतंत्रता आंदोलन में भारतीय जनता की भागीदारी एवं क्रांतिकारी और अहिंसावादी गुटों की विचारधाराएँ। स्वयंसेवकों को स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका और उनके बलिदान के बारे में जानकारी दी गई। इस हेतु स्वयं सेवकों ने पोस्टर भी तैयार कर कार्यक्रम में प्रदर्शित किए। अधिकांश छात्र इस विषय से पहले ही अवगत थे और सभी ने उत्सुकतापूर्वक कार्यक्रम में भागीदारी की।

इसके अलावा स्वयंसेवकों द्वारा एक रैली भी की गई, जिसमें उन्होंने काकोरी ट्रेन कार्रवाई के महत्व और स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए सराहनीय कार्य के विषय में बताया। आयोजन में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जय प्रकाश मुयाल और सभी कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. नवीन कुमार, डॉ सिद्धारामू, डॉ. अजय कंसल और डॉ. अल्पा यादव जी का विशेष सहयोग रहा।

****




बायें से छात्रा शिखा, साहित्यकार अनामिका, छात्रा दीपिका, डॉ. रेनू यादव

**शैक्षिक यात्रा :** 11 अगस्त को भारतीय भाषा एवं साहित्य विभाग की हिन्दी स्नातक (ऑनर्स) की छात्राएँ शैक्षिक यात्रा के अंतर्गत भारत की सुप्रसिद्ध कवियित्री एवं लेखिका अनामिका जी से मुलाकात कीं । इस मुलाकात के दौरान छात्राओं ने स्त्री अधिकारों, लेखन में यथार्थ और कल्पना की भूमिका तथा अपने पाठ्यक्रम में पढ़ाए जा रहे रचनाओं से संबंधित प्रश्न किए तथा साहित्यकार अनामिका जी ने अपने उत्तर से उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया ।

****



आईटीपीआई के विशेषज्ञों की टीम, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग की अधिष्ठाता डॉ. कीर्ति पाल, विभागाध्यक्ष डॉ. निर्मिता मेहरोत्रा के साथ अन्य गणमान्य सदस्य

**आईटीपीआई के विशेषज्ञों की टीम द्वारा गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का दौरा :** 12 अगस्त को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के शहरी और क्षेत्रीय नियोजन विभाग का इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स, इंडिया (आईटीपीआई) अविरत प्रतिबंधन के लिए दौरा किया। विशेषज्ञ श्री आर श्रीनिवास रिटायर्ड टाउन प्लानर, दिल्ली एवं श्री राज कुमार उदयन टाउन प्लानर, लखनऊ ने क्षेत्रीय एवं शहरी योजना विभाग का निरीक्षण किया। निरीक्षण में छात्रों के काम का मूल्यांकन करके इंस्टिट्यूट का प्रतिबंधन क्षेत्रीय एवं नगर नियोजन प्रोग्राम को दिया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान आईटीपीआई विशेषज्ञों ने छात्रों और संकाय सदस्यों दोनों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए विभिन्न छात्र परियोजनाओं की समीक्षा की तथा उन्होंने विभाग के विकास को बढ़ावा देने और इसकी शैक्षणिक और अनुसंधान क्षमताओं को वृद्धि के उद्देश्य से कई उपयोगी विचार भी साझा किए। उन्होंने अकादमिक उत्कृष्टता प्राप्त करने में नये आयाम की लिये सहयोग के महत्व पर ज़ोर देते हुए विभाग को निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया। इस अवसर पर गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने कहा, “यह निरीक्षण हमारे विभाग के लिए एक मील का पत्थर है। आईटीपीआई के विशेषज्ञों के सुझाव और समर्थन निस्संदेह नए अवसरों और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेंगे।”

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग की अधिष्ठाता डॉ. कीर्ति पाल ने विभाग के विकास एवं उसके महत्व पर जोर देते हुए इस यात्रा की सराहना की और कहा, “आईटीपीआई विशेषज्ञों की अंतर्दृष्टि और सिफारिशें हमारे निरंतर विकास और सुधार के लिए अमूल्य हैं।”

तत्पश्चात् विशेषज्ञों के साथ विभागाध्यक्ष डॉ. निर्मिता मेहरोत्रा, डॉ आशा पांडे, डॉ शोभाराम, डॉ प्रकाश दिलारे, आलोक वर्मा, गौरव, अशोक, माधवी अग्रवाल, अनंत सिंह, राजेश कुमार सहित विभाग के छात्रों ने अकादमिक उत्कृष्टता से संबंधित परिचर्चा में भाग लिया ।

****



समाज कार्य विभाग के छात्रों की शैक्षिक यात्रा के दौरान

**समाज कार्य विभाग के छात्रों ने किया शैक्षिक यात्रा :** 13 अगस्त को समाज कार्य विभाग के छात्रों ने ‘ओरिएन्टेशन विजिट’ कार्यक्रम के तहत एनजीओ ‘सी3- कोलाब्रेट टू क्रिएट चेंज’ का दौरा किया । इस अवसर पर सी3 की सहयोगी रीता सिंह ने एनजीओ के पूरे काम को छात्रों के सामने प्रस्तुत किया और छात्रों के तमाम सवालों के जवाब भी दिये।

छात्रों ने एनजीओ का काम बेहतर तरीके से समझने के लिये उच्च प्राथमिक विद्यालय, सिरसा का निरीक्षण भी किया तथा वहाँ की शिक्षिकाओं से भी मुलाक़ात की । इस दौरे के समय समाज कार्य विभाग के संकाय सदस्य डॉ. सिद्धरामु, डॉ० राहुल कपूर, श्री नवनीत सिंह का पूर्ण सहयोग रहा ।

****




कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा, एंटी रैंगिग समिति तथा अन्य

**एंटी-रैगिंग समिति द्वारा एंटी-रैगिंग सम्बन्धी जागरूकता और रैगिंग के रोकथाम हेतु कार्यक्रम आयोजित :** 12 से 18 अगस्त तक गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के एंटी-रैगिंग समिति द्वारा एंटी-रैगिंग सम्बन्धी जागरूकता और रैगिंग की रोकथाम के लिए साप्ताहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। 14 अगस्त को इस क्रम में विभिन्न वक्तव्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.रवीन्द्र कुमार सिंहा ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि वह विश्वविद्यालय को एक सुरक्षित और समावेशी वातावरण बनाने के हितैषी हैं, जो विश्वविद्यालय की प्रगति में एक महत्वपूर्ण कदम है। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डॉ.मनमोहन सिसोदिया ने एंटी रैंगिग समिति द्वारा विद्यार्थियों की तत्काल सहायता और सुरक्षा संबंधि कार्यों की प्रशंसा की। एंटी-रैंगिग समिति की अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की संयोजिका डॉ.रमा शर्मा ने एंटी रैगिंग सप्ताह को मनाने के प्रयोजन पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को जागरूक किया । इस अवसर पर विधि संकाय की छात्रा खुशी शर्मा द्वारा सुंदर काव्य पाठ और अंग्रेजी विभाग की छात्रा वैशाली शर्मा द्वारा अद्भुत मोनोऐक्ट प्रस्तुत किया गया। विधि संकाय के विद्यार्थियों द्वारा एक उत्कृष्ट और जागरूक करने वाला नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

18 अगस्त को इस समिति द्वारा आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा स्लोगन मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया । एंटी रैंगिग समिति की सदस्यों ने छात्रावासों में जा जा कर छात्रों को जागरूक किया ।



बायें से डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. बिपाशा सोम, डॉ. मनमोहन सिंह शिशोदिया

****



अभिमुखीकरण कार्यक्रम एवं राजनीति विज्ञान क्लब की स्थापना की झलकियाँ

**राजनीति विज्ञान क्लब:** 13 और 14 अगस्त को राजनीति विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग ने भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में भाषण, कविता, पोस्टर मेकिंग, बैज मेकिंग आदि जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएँ शामिल थीं। विभाग के बी.ए. अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने इस दिन राजनीति विज्ञान क्लब का शुभारंभ किया। मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. बंदना पांडे ने विद्यार्थियों सहित पूरी टीम की सराहना की और इस पहल के लिए अपनी शुभकामनाएँ दीं। विद्यार्थियों ने विभाग को हमेशा अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन और सहयोग देने के लिए माननीय कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त किया। विभागाध्यक्ष डॉ. अक्षय कुमार सिंह और सभी संकाय सदस्यों ने राजनीति विज्ञान क्लब की स्थापना की सराहना की। आने वाले दिनों में क्लब और भी रचनात्मक विचार और कार्यक्रम लेकर आएगा।

****

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोक नृत्य की भव्य प्रस्तुति








**लोक नृत्य कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ**

**स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोक नृत्य की भव्य प्रस्तुति :** 14 अगस्त की शाम गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोक नृत्य की भव्य प्रस्तुति ने शमा बाँध दी । सभा में उपस्थित समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा विद्यार्थी हर्षोल्लास से झूम उठे । यह कार्यक्रम भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद (ICCR) के जोनल ऑफिस (नॉर्थ), एस.जी.के. सांस्कृतिक कला समिति द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश लोक नृत्य के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ । जिसमें मथुरा से मुरारीलाल तिवारी और उनके ग्रुप ने लोक नृत्य के विविध रूप तथा कृष्ण-लीला एवं तरंग डांस स्टूडियो, फरीदाबाद के कथक झलक ने कथक नृत्य की प्रस्तुति की ।

****

**समझौता-ज्ञापन :** 14 अगस्त को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय और यूनाइटेड स्टेट्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंस्टीट्यूट (यूएसएआईआई) के बीच एक महत्त्वपूर्ण समझौता सम्पन्न हुआ । इस साझेदारी के तहत यूएसएआईआई के विश्व प्रसिद्ध आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सर्टिफिकेशन और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के परिसर में पेश किया जायेगा । इस समझौते का उद्देश्य वैश्विक एआई शिक्षा का विकास, नवीनतम एआई प्रवृत्तियों के साथ पाठ्यक्रम तैयार करना, एआई के छात्रों के करियर की संभावनाओं एवं नौकरी के अवसरों को बढ़ाना, विश्वविद्यालय के एआई की क्षमताओं और प्रमाणित स्नातकों को प्रदर्शित करके अंतर्राष्ट्रीय प्रवेश बढ़ाना आदि है ।

****




हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा रैली के दौरान

**हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान :** 14-15 अगस्त को एन.एस.एस. जीबीयू स्वयंसेवकों ने जीबीयू परिसर में हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा पर एक रैली का प्रदर्शन किया। 14 अगस्त को स्वयंसेवकों ने एंटी रैगिंग दिवस में भाग लिया और नव प्रवेशित छात्रों को रैगिंग समिति की भूमिका के बारे में बताया और जीबीयू निःशुल्क रैगिंग परिसर है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा उपस्थित रहें और उन्होंने एंटी रैगिंग दिवस और हर घर तिरंगा यात्रा में भाग लेने में एनएसएस की भूमिका की प्रशंसा की। आयोजन में कार्यक्रम समन्वयक डॉ.जय प्रकाश मुयाल और कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. नवीन कुमार, डॉ. अजय कंसल, डॉ. अल्पा यादव और डॉ. विभावरी ने छात्रों को प्रोत्साहित किया।



तिरंगा भोजन

**78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छात्रावास के मेस में तिरंगा भोजन की व्यवस्था :** 15 अगस्त गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय प्रत्येक त्यौहार एवं उत्सव को हर्षोल्लास से मनाता है । संकाय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर कार्यक्रम के आयोजन के साथ साथ छात्रावास के मेस में भी त्यौहार एवं उत्सव के थीम पर भोजन की व्यवस्था की जाती है । 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छात्रावास के मेस में तिरंगा भोजन की व्यवस्था की गई जिससे छात्र प्रसन्नता से भर गए ।

****

## गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में 78वें स्वतंत्रता दिवस







**78वें स्वतंत्रता दिवस की कुछ झलकियाँ**

**गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में 78वें स्वतंत्रता दिवस पर भव्य समारोह आयोजित :** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में 78वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने ध्वजारोहण कर सभा को संबोधित किया कि 1947 में यह देश एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में एक नए युग की शुरूआत की। प्रत्येक वर्ष यह दिन राष्ट्रीय गौरव और स्वतंत्रता की पहचान के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने देश के लिए बलिदान हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही विश्वविद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान समय में छात्रों के प्रवेश संख्या में वृद्धि, नई नियुक्तियों, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सतत विकास एवं शोध प्रकाशनों से विश्वविद्यालय को एक अलग पहचान मिलने, विश्वविद्यालय का अन्य संस्थाओं के साथ हुए समझौते एवं सहयोग को रेखांकित किया। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने माखन लाल चतुर्वेदी की पंक्तियों 'मुझे तोड़ लेना वनमाली उस पथ पर तुम देना फेंक, मातृभूमि को शीश चढ़ाने जिस पथ जावें वीर अनेक' के उदाहरण देते हुए देश के बलिदानियों को याद किया तथा साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न समितियों के कार्य शैली तथा सक्रियता की सराहना की।

इस अवसर पर छात्रों ने गायन, वादन की सांस्कृतिक प्रस्तुति की तथा एनसीसी की छात्राओं ने मार्च पास्ट प्रस्तुत किया।





**एनसीटी के तीसरे स्थापना दिवस समारोह में शिक्षण एवं प्रशिक्षण विभाग के फेकल्टीज़ एवं छात्राएँ**

**एनसीटीई के तीसरे स्थापना दिवस समारोह में शिक्षण एवं प्रशिक्षण विभाग के छात्रों की भागीदारी :** 17 अगस्त को एनसीटीई के तीसरे स्थापना दिवस का समारोह कौशल भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । मुख्य अतिथि के रूप में श्री जयंत चौधरी माननीय शिक्षा राज्यमंत्री एवं कौशल विकास और उद्यमिताशील राज्यमंत्री कार्यक्रम में एनसीटीई द्वारा चयनित प्रतिष्ठित संस्थाओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें शिक्षण एवं प्रशिक्षण विभाग, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना के साथ गुजराती लोक नृत्य का मनमोहक प्रदर्शन एवं आईटीपी की छात्रा अमृता शर्मा द्वारा अपने पाठ्यक्रम से संबंधित अनुभवों को भी साझा किया गया। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय की ओर से प्रतिभागी छात्राओं के अतिरिक्त शिक्षण एवं प्रशिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव प्रवक्ता डॉ. श्रुति कंवर एवं डॉ. वैशाली ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

****



**'अंडरस्टैंडिंग स्कूल सोशल वर्क इन द कांटेक्स्ट ऑफ़ एन.ई.पी गाइडलाइन्स' विषय पर वेबिनार**

**राष्ट्रीय सामाजिक कार्य सप्ताह का सफल आयोजन :** सामाजिक कार्य विभाग ने 15 अगस्त से 21 अगस्त तक विश्वविद्यालय परिसर के अंदर नेशनल एसोसिएशन ऑफ़ प्रोफेशनल सोशल वर्कर्स इन इंडिया के साथ मिलकर राष्ट्रीय सामाजिक कार्य सप्ताह का सफल आयोजन किया । इस आयोजन के अंतर्गत 20 अगस्त को मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. बंदना पाण्डेय के मार्गदर्शन में 'अंडरस्टैंडिंग स्कूल सोशल वर्क इन द कांटेक्स्ट ऑफ़ एन.ई.पी गाइडलाइन्स' विषय पर एक वेबिनार हुआ । वेबिनार में मुख्य अतिथि प्रो. केशव वालके, विभागाध्यक्ष, मातृ सेवा संघ इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल वर्क, मुख्य वक्ता श्रीमती सीमा बैनर्जी, स्कूल सोशल वर्कर, लक्ष्मण पब्लिक स्कूल, हॉस खास, अतिथि गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा रहें । वेबिनार के शीर्षक की गुणवत्ता बताई ।

21 अगस्त को सामाजिक कार्य विभाग के छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर के अंदर दान अभियान चलाया जिसमें विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को तथा आस पास की झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को कपड़े बाँटे गए । वेबिनार तथा दान अभियान के लिए समाज कार्य विभाग के संकाय सदस्य डॉ. सिद्धारामु, डॉ. राहुल कपूर, मिस्टर नवनीत सिंह, मिस आकांक्षा तिवारी और मिस पूजा वर्मा ने छात्रों को प्रोत्साहित किया ।

****

**गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति परीक्षा सम्पन्न :** उत्तर प्रदेश प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति परीक्षा हेतु गौतम बुद्ध नगर के एक परीक्षा केन्द्र के रूप में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का चयन किया गया था, जिसमें 23 से 25 सितम्बर तथा 30 एवं 31 सितम्बर तक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ ।

****



**कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ से कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा की मुलाकात :** 20 अगस्त को यूपी सदन, दिल्ली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलाधिपति माननीय योगी आदित्यनाथ जी से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने मुलाकात की । इस मुलाकात में माननीय श्री योगी आदित्यनाथ जी तथा प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा के बीच विश्वविद्यालय की प्रगति, गतिविधियों तथा भविष्य में विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए अनेक विषयों के संदर्भ में बातचीत हुई ।

****



31 अगस्त को माननीय कुलपति प्रो. रविन्द्र कुमार सिन्हा ने उत्तर प्रदेश के माननीय मंत्री श्री नंद गोपाल नंदी से मुलाकात की, साथ ही डॉ. विश्वास त्रिपाठी और डॉ. विवेक मिश्रा ने विश्वविद्यालय में चल रही गतिविधियों पर जानकारी दी। चर्चा के दौरान प्रो. सिन्हा ने जी.बी.यू. के प्रमुख विकास और चल रही परियोजनाओं पर प्रकाश डाला।

****

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय एशिया एजुकेशन रिव्यू मैगज़ीन द्वारा भारत-2024 में पुनर्विक्रेता और विकास के लिए शीर्ष 10 कैम्पस में सूचीबद्ध है।

****

20 सबसे प्रभावशाली कुलपति 2024 में प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा का नाम शामिल : अकादमिक इनसाइट पत्रिका ने "20 सबसे प्रभावशाली कुलपति, जो 2024 में भारतीय शिक्षा को आकार देंगे" की सूची जारी की है, जिसमें गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा का नाम भी शामिल है ।

****



महिला छात्रावास में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण मंडप की झलकी

छात्रावासों में कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन : 26 एवं 27 अगस्त को विश्वविद्यालय के विभिन्न महिला छात्रावासों में छात्राओं द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई ।

****




'राजेन्द्र यादव हंस सम्मान 2024' प्राप्त करते हुए डॉ. विभावरी

पुरस्कार/सम्मान : साहित्य जगत् की विख्यात पत्रिका 'हंस' के अप्रैल 2024 अंक में भारतीय भाषा एवं साहित्य विभाग की फेकल्टी डॉ. विभावरी का 'सिनेमा में दलित प्रतिनिधित्व के प्रश्न' लेख प्रकाशित हुआ था, जिसके लिए उन्हें 'राजेन्द्र यादव हंस सम्मान 2024' (लेख सम्मान) प्राप्त हुआ ।

****



भारतीय भाषा एवं साहित्य विभाग की फेकल्टी डॉ. रेनू यादव को उनकी पुस्तक 'काला सोना' के लिए श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य सम्मान समिति द्वारा 'श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको युवा साहित्य सम्मान – 2024' प्रदान करने की घोषणा हुई है ।

**एडमिशन :** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत अब तक 2700 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है ।

**पीएच.डी. :** जुलाई-अगस्त माह में बौद्ध अध्ययन एवं सभ्यता संकाय के शोधार्थी पंडिता तथा राजेश कुमार राय, शिक्षण एवं प्रशिक्षण विभाग, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के शोधार्थी शालिनी जौहर, त्रिशला भाष्कर, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के शोधार्थी मुख़्तार अहमद, फरीदा अली को पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त हुई ।

**प्रोजेक्ट :** एएसपीआईआरई के अंतर्गत सीएसआईआर से स्कूल ऑफ बायोटेक्नॉलॉजी की फेकल्टीज़ डॉ. रेखा पुरिया तथा डॉ. विक्रांत नैन को 'डेवलपमेंट ऑफ पेंड्रग-रेसिस्टेंट कॉन्डिड औरिज़ प्रोटोटाइप इन सेक्हॉरॉमिज़ सेरेविसेक थ्रो साइन्थेटिक बायोलॉजी' प्रोजेक्ट, सीएसटी-यूपी से अप्लाइड कैमेस्ट्री विभाग की फेकल्टी डॉ. वंदना सिंह तथा पर्यावरण विभाग की फेकल्टी डॉ. आशा पाण्डेय को 'डिग्रेडेशन ऑफ वेस्टवॉटर पॉल्युटेन्ट्स बाई ज़ियोलाइट एनकैप्स्युलेटेड मैटल नैनोकम्पोज़िट' प्रोजेक्ट तथा सीएसटी-यूपी से स्कूल ऑफ बायोटेक्नॉलॉजी की फेकल्टीज़ डॉ. बरखा सिंघल तथा डॉ. रेखा पुरिया को 'इन्वेस्टिगेटिंग पॉलीथिन टेरेफथेलेट (पीईटी) हाइड्रोलेसेस थ्रो मेटाजेनोमिक्स फॉर डिग्रेशन ऑफ पीईटी – बेस्ड प्लास्टिक वेस्ट फ्रॉम लैंडफिल्ड्स इन नोएडा एंड ग्रेटर नोएडा' प्रोजेक्ट प्राप्त हुआ ।

**कॉपीराइट :** बौद्धिक संपदा भारत सरकार द्वारा कॉपीराइट का तीन पंजीकरण शिक्षण एवं प्रशिक्षण विभाग के हिस्से में आया है । शिक्षण एवं प्रशिक्षण विभाग की शोध छात्रा डॉ. शालिनी जौहर एवं फेकल्टी डॉ. विनोद कुमार शनवाल का संयुक्त रूप से 'जौहर एंड शनवाल पीरागौजी इंस्ट्रक्शनल मॉडल' शीर्षक, शोध छात्रा डॉ. त्रिशला भाष्कर तथा डॉ. विनोद कुमार शनवाल का संयुक्त 'डिजीटल कॉम्पटेन्सी स्केल फॉर इन्स्ट्रक्टर्स (डीसीएसटी) इन द यूज़ ऑफ लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम एंड ई-कन्टेन्ट क्रिएशन' तथा 'डिजीटल कॉम्पटेन्सी फ्रेमवर्क फॉर एलएमएस वीडियो क्रिएटर इन द इंडियन कॉन्टेक्स्ट' शीर्षक बौद्धिक संपदा भारत सरकार द्वारा पंजीकृत किया गया है । यह ध्यातव्य है कि इसके पूर्व भी डॉ. विनोद कुमार शनवाल को कॉपीराइट मिल चुका है ।



डॉ. विनोद कुमार शनवाल

# प्लेसमेंट




- एमएसडब्ल्यू छात्रों का 100% प्लेसमेंट, इन छात्रों को ब्रेकथ्रू, तारा होम्स, एमएक्यू सॉफ्टवेयर, त्रिगुणा, स्माइल फाउंडेशन और ज़ूमैक्स प्राइवेट लिमिटेड में प्लेसमेंट मिला।

- एमबीए के स्टूडेंट स्टडीज नेगी को 15.75 लाख प्रति वर्ष के वेतन पैकेज में शामिल किया गया है।

- बी.टेक (ईई) के स्नातक मौमिता दास और बी.टेक (ई.ई.) के छात्र सुयश पटोदिया को एडर्ब टेक्नोलॉजीज में 10 लाख प्रति वर्ष का वेतन स्नातक पर मिला है।

- एमबीए के छात्र साहिल भाटी और गौरी सिंह को आईनॉक्स एयर प्राइवेट लिमिटेड में 6 लाख प्रति वर्ष का वेतन पैकेज मिला है।

- बी.टेक (सीएसके) के नौ छात्र टाटा कंसल्टेंसी में दाखिला लेते हैं। इसके अलावा शिंग स्टेटर (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, प्ला कंयांस क्वेस्ट, हैयर इंडिया, लैम्ब्डा टेस्ट, सुप्रजीत इंजीनियरिंग, मेटाप्लाई और टेक्सवायर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने जुलाई-अगस्त 2024 में स्टूडेंट ड्राइव का कार्यक्रम आयोजित किया था और 30 से अधिक छात्रों ने इसमें हिस्सा लिया था।




<u>संपादकीय-मंडल</u>

**प्रमुख संरक्षक : प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा, कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय**

**संरक्षक : डॉ. विश्वास त्रिपाठी, कुलसचिव, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय**

**मुख्य संपादक : प्रो. बंदना पांडेय, अधिष्ठाता, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय**

**संपादक : डॉ. रेनू यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर, भारतीय भाषा एवं साहित्य विभाग, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय**

**डिज़ाइनिंग: श्री राजकुमार, तकनीकी अधीक्षक, सीसीसी, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय**

**शिक्षणेत्तर सहयोगी : अमित, कार्यालय सहायक, कुलपति ऑफिस, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय**



नोट : यह न्यूज़ लेटर विश्वविद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों को रेखांकित करने हेतु सूचना मात्र है, न कि कानूनी दस्तावेज़ ।



**गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय**
**नियर यमुना एक्सप्रेस-वे, ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर,**
**उत्तर प्रदेश-201312 (भारत) फ़ोन नं.: 0120-2344200**